प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.08.2024 **(दोपहर–1455 बजे)**

गढ़वा जिले में झारखंड–बिहार की सीमा पर सोन नदी के टीले पर बाढ़ के कारण फंसे 40 ग्रामीण और लगभग एक सौ मवेशियों को एनडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। हमारे गढ़वा संवाददाता ने बताया कि सभी को बिहार की सीमा की तरफ निकाला गया। इनमें 32 लोग गढ़वा जिले के केतार प्रखंड के और आठ लोग बिहार के नावाडीह गाँव के थे। ये सभी सोन नदी के बीच एक टीले पर अपने मवशियों के साथ अस्थायी घर बनाकर रहते हैं। रिहंद डैम से पानी छोड़े जाने पर कल सोन नदी में अचानक बाढ़ आ गयी, जिसके कारण ये सभी टीले पर ही फंस गये थे।

****

झारखंड के जलाशयों से अत्यधिक पानी छोड़ने पर कल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। ममता बनर्जी ने हेमंत सोरेन को बताया कि तेनूघाट डैम, मैथन और पंचेत डैम से पानी छोड़े जाने के कारण पश्चिम बंगाल में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस मामले में डीवीसी मैथन के कार्यकारी निदेशक अंजनी दुबे ने कहा कि अब तेनुघाट, मैथन और पंचेत डैम से कम पानी छोड़ा जाएगा, क्योंकि वर्षा में कमी आयी है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य की रघुवर दास सरकार के पांच मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार और जांच एजेंसी एसीबी से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि अदालत ने शपथ पत्र के माध्यम से चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की दिन दहाड़े हुई हत्या पर स्वतः संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर आज राज्य के डीजीपी, रांची एसएसपी व एसआईटी के नेतृत्वकर्ता कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। सभी अधिकारियों ने इस मामले में अब तक की गयी कार्रवाई से अदालत को अवगत कराया। अधिकारियों ने अदालत को बताया कि अधिवक्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी कर ली गई है।

****

सिमडेगा जिले में सर्प दंश की घटना बढ़ती जा रही है।

****

सावन की तीसरी सोमवारी पर आज राज्यभर के शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। देवघर में नौ किलोमीटर लंबी लाइन में कतारबद्ध होकर श्रद्धालु

जलार्पण के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार बाबा बैद्यनाथ धाम में आज लगभग ढाई लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है। इधर रांची के पहाड़ी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है।

****

जमशेदपुर में सावन की तीसरी सोमवारी पर सिदगोड़ा सूर्य मंदिर कमेटी की ओर से जलाभिषेक यात्रा का आयोजन किया गया। इस जलाभिषेक यात्रा में उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास पूरे परिवार के साथ शामिल हुए। बारीडीह नदी घाट से हजारों भक्तों के साथ तीन किलोमीटर पैदल यात्रा कर उन्होंने सूर्य मंदिर में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान श्री दास ने मानव जाति के कल्याण की कामना की।

****

पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में आज भारत के **लक्ष्य सेन** कांस्य पदक के लिए मैदान में उतरेंगे। उनका मुकाबला मलेशिया के लीजी जिया के साथ होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम छह बजे से होगा। भारत को **लक्ष्य सेन** से पदक की उम्मीद है। इधर बैडमिंटन के पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल में कल **लक्ष्य सेन** को डेनमार्क के खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा था।

*********समाप्त*********